हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री



12 एक सप्ताह के अंदर इंदिरा मार्केट से हटेगा मछली बाजार, होगा शिफ्ट





13 ख़ुड़मुड़ा के वार्ड 4 और 6 में पानी की समस्या से जूझ रहे रहवासी







छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


# पुलिस कप्तान पहुंचे छावनी, गलतियां सुधारने 24 घंटे का अल्टीमेटम



थाना छावनी में दस्तावेजों का परीक्षण करते एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नवागत एसपी विजय अग्रवाल बुधवार की सुबह 9.25 बजे अचानक थाना छावनी पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक को थाने में देख वहां के स्टाफ के पसीने छूट गए। एसपी ने थाने में रखे दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया तो उसमें कई त्रुटियां पाई गई। जिसकों लेकर पुलिस अधीक्षक ने नराजगी जाहिर करते हुए 24 घंटे के भीतर दस्तावेजों की गलतियों को सुधारने को लेकर अल्टीमेटम भी दिया। नवागत एसपी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि अगर 24 घंटे के भीतर दस्तावेज नहीं सुधारे गए तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर थाने में गंदगी को देखकर गुस्सा जाहिर किया और स्वच्छ थाना परिसर रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा अपराधी कितना भी रसूखदार हो उसपर कार्रवाई की जाए। उन्होंने निगरानीशुदा बदमाशों पर नजर रखने के निर्देश दिए साथ ही पेंडिंग मामलों की जल्द निराकरण की बात भी कही। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि छावनी थाने में रखे दस्तावेजों में त्रुटियां पाई गई है। थाने में सफाई व्यवस्था बेहतर ढंग से करने की हिदायत भी दी है। 24 घंटे के भीतर दस्तावेजों को सुधारने के निर्देश दिए हैं।

### वर्दी से दिखता है अनुशासन

नवागत पुलिस अधीक्षक ने छावनी थाने में पुलिस कर्मियों को अपनी वर्दी और जूतों का खास ख्याल रखे। ड्यूटी आते समय उनकी वर्दी साफ हो। जिससे पुलिस का अनुशासन दिखता है। थाने में रखे वाहनों को व्यवस्थित करने की भी हिदायत दी।

## जिस थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार की शिकायत उस थानेदार पर गिरेगी गाज



"जिले के हिस्ट्रीशीटरों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जाएगी । नशे के कारोबारियों की असली जगह जेल है। पुराने अपराधों को जल्द ट्रेस किया जाएगा। जिस थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार की शिकायत मिली उस क्षेत्र के थानेदार पर गाज गिरेगी। यह कहना है नवागत पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल का। उन्होंने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए हर थानेदारों को क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही पुराने अपराधों को ट्रेस करने नए सिरे से जांच की आवश्यकता है। सड़क हादसों को रोकने के लिए नए इंतजाम किए जाएगे। इसके अलावा सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को कड़ाई से ट्रैफिक नियमों का पालन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि थानेदारों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि क्षेत्र में अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाए नहीं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि जिले के थानेदारों को अपराधियों पर नजर रखने लगातार पेट्रोलिंग और स्वयं को बाहर निकलकर मॉनिटरिंग करने की हिदायत भी दी गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षाधानी में बाहर से आकर यहां कारोबार करने वालों की सारी जानकारी पुलिस के पास होगी। अगर कोई घटना होती है, तो पुलिस आरोपी को आसानी ट्रेस कर सकती है।

एसपी अग्रवाल ने बताया कि जिले में बेसिक पुलिसिंग पर फोकस होगा। अपराध अब नए इंवेस्टिगेशन तरीके से होगा। नियमित थानों का निरीक्षण, देर रात तक गश्त, थानेदारों की निगरानी भी की जाएगी। अपराधों को रोकने के लिए लगातार पेट्रोलिंग के अलावा संदिग्ध किस्म के युवको पर पुलिस की पैनी नजर होगी। शिक्षाधानी के रुप में विख्यात इस शहर में सूखा नशा का कारोबार करने वालों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी। हर नशे के कारोबार करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत

**भिलाई।** अलग-अलग हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक का शिनाख्त केन्द्रपाड उड़िसा निवासी रंजन सामल 32 वर्ष के रुप में हुई है। युवक उड़िसा से कमाने खाने गुजरात के सूरत गया था। सूरत - पुरी एक्सप्रेस ट्रेन में उड़िसा जा रहा था। दुर्ग से रायपुर की ओर जाते समय रंजन सामल ट्रेन के दरवाजे पर बैठा हुआ था। तभी अनियंत्रित होकर वह सिरसा अण्डरब्रिज के पास गिर गया। सुबह लाश मिलने की सूचना पर आरपीएफ व जीआरपी पहुंची। तलाशी में युवक के जेब से मोबाइल फोन मिला। लेकिन उसमें टावर गायब था। मोबाइल पर दर्ज एक नंबर पर आरपीएफ के अधिकारी ने फोन कर घटना की जानकारी लिया। उसके बाद युवक का शिनाख्त हो पाया। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का होने से शव को मरचूरी में रखवा दिया है। दूसरी घटना में 21 अप्रैल को सिरसा कला में शादी कार्यक्रम निपटाकर बाइक से गांव मोरिद लौटते समय घायल दीपक निर्मलकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल खुर्सीपार में दाखिल कराया गया। उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर धारा 305(ए), 331 (4) के तहत कार्रवाई की है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मछली मार्केट जय हिंद चौक पुरैना निवासी ई अपन्ना जमीन खरीदी बिक्री करने का काम करता है। मकान में ताला जड़कर 17 अप्रैल को परिवार समेत गृह ग्राम आंध्राप्रदेश कुल देवता की पूजा पाठ करने गया हुआ था। पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। फिर अपने डेढ साला उमाशंकर को मकान में भेजकर जानकारी लिया। इस दौरान पता चला कि आलमारी सोना चांदी के जेवरता और मोबाइल समेत अन्य सामान पार हो गया।

*केमिकलयुक्त पानी और शुद्ध पेयजल के अभाव में जूझते लोग, छावनी का हॉस्पिटल में 12 साल से बोर के लिए पैसे मंजूर लेकिन केमिकलयुक्त पानी निकलने की वजह से अब तक इंतजाम नहीं*

# हर साल 3 हजार लोग पीलिया व पेट संबंधी बीमारी से हो रहे ग्रसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

केमिकलयुक्त पानी की वजह से लोगों को कई तरह की बीमारिया भी घेर रही है। प्रभावित छह वार्डों से औसतन हर साल 3 हजार लोग पीलिया और पेट संबंधी बीमारी से भी जूझते हैं। ये आकंड़े इन वार्डों में संचालित दो सरकारी प्राइमरी हेल्थ सेंटर के हैं। एक हेल्थ सेंटर छावनी में और दूसरा हेल्थ सेंटर बापूनगर में हैं। इन सेंटरों में बारिश और गर्मी के दिनों में बीमार लोगों की संख्या और बढ़ जाती है ,जब इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पीलिया या डायरिया जैसी बीमारी फैलती है। जिसमें पूरे क्षेत्र से चार-पांच दिनों में ही बीमार लोगों की संख्या 200 तक जा पहुंचती है।




### केमिकलयुक्त पानी के चलते हॉस्पिटल में 13 साल से नहीं खुदा बोर

केमिकलयुक्त पानी ने अस्पताल की व्यवस्था पर भी असर डाल रहा है। वर्ष 2013 में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छावनी को शुरू किया गया। अस्पताल के मरीजों के पेयजल के लिए यहां इसी समय एक सरकारी बोर खुदवाने के लिए फंड भी मिला। जब बोर खनन से पहले टेस्टिंग की गई तो केमिकलयुक्त पानी निकला। उसके बाद से पैसा पड़ा हुआ है लेकिन बोर की खुदवाई नहीं हो सकी है। यहां आने वाले और भर्ती मरीजों व स्टॉफ को पानी शंकरनगर पानी टंकी से मिलता है। एक घंटे ही सुबह पानी आता है, जो शाम से पहले ही खत्म हो जाता है। रहवासियों ने बताया कि इस हॉस्पिटल में मरीजों को भर्ती करने की सुविधा है । लेकिन पानी की समस्या के चलते स्टाफ मरीजों को हायर सेंटर रेफर कर देते हैं।

### जानिए प्रभावित वार्डों में समूह में फैली बीमारी

**केस 1**

जिस इलाके में केमिकलयुक्त पानी की जबर्दस्त समस्या है इसी में से एक है वार्ड 42 । इस वार्ड में एक महीने पहले पीलिया फैल गया। 4 मार्च 2025 को इस बीमारी ने चार दिनों में 31 से भी अधिक लोगों को प्रभावित किया।

**केस 2**

गौतमनगर वार्ड 42 में 18 दिसंबर 2023 को डायरिया फैला। जिसमें 70 लोग डायरिया से ग्रसित रहे। 18 गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया गया था। यही के ही 20 दिसंबर 2023 को एक महिला की जान भी चली गई।

### आंगनबाड़ी के बच्चे भी प्रभावित

वार्ड क्रमांक 45 में गणेश मंदिर के पास आंगनबाड़ी भी संचालित है। इस आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए पेयजल की समस्या है। यहां लगे नल का पानी खनिजयुक्त आता है। छोटे बच्चे अनजाने में ये पानी पी लेते हैं। सामने ही बोर व पंप हाउस है जिसे प्रतिबंधित किया गया है। इस पूरे इलाके में भिलाई निगम का पानी नहीं पहुंचता।

### 20 साल से उद्योगों ने भू गर्भ को कर दिया केमिकलयुक्त



वार्ड क्रमांक 41 से लेकर 46 तक के लोग सालों से केमिकलयुक्त पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इस इलाके में एक ऐसे भी शख्स हैं, जिन्होने सालों तक लोगों की इस समस्या को एक आवाज बनकर उठाया। ये हैं गणेशप्रसाद गुप्ता। 75 वर्षीय गुप्ता बतातें हैं कि पूरे इलाके में पहले बोर नहीं था। लोग तीन से चार किलोमीटर दूर से पानी लाते। स्व. मोतीलाल वोरा से गुजारिश कर यहां बोर खनन शुरू करवाया। जहां भी बोर खुदाई होता केमिकल ही निकलता। तब उद्योगों से निकलने वाला केमिकल आसपास खुले क्षेत्रों में बहाया जाता। धीरे-धीरे ये आसपास क्षेत्रों में फैलता गया। जब फैलाव नहीं हुआ था, तो उद्योगों से दूर बोर खनन में पानी भी साफ आता था और लोग इसी को पीते। साल-दर साल ये बोर भी प्रभावित होते चले गए।

### वार्डवासियों की समस्या जस की तस

वार्डवासी प्रमिला चतुर्वेदी, संगीता, सत्यवती बारले आदि ने बताया कि स्थानीय पार्षदों ने बोर खुदवाकर नलों के माध्यम से पानी दे रहे हैं। इसमें से कई बोर केमिकलयुक्त पानी आने की वजह से बंद कर दिए गए हैं। मोहल्लों में लगे 80 फीसदी हैंडपंप बंद हैं। यहां भी लाल रंग का पानी निकलता है। भिलाई निगम की पानी टंकी से वार्ड के कुछ हिस्से में ही पानी आता है। बोर के पानी से दरवाजे, टाइल्स के रंग भी लाल हो गए हैं। घरों में लगे स्टील को धोने से पीले पड़ गए हैं।



### लगातार मानिटरिंग के निर्देश

"केमिकलयुक्त प्रभावित वार्डों में संचालित अस्पताल के प्रभारियों को ये निर्देश हमने दे रखे हैं कि लगातार मानिटरिंग होती रहे। निगम के स्वास्थ्य विभाग व हमारे विभाग के कोआर्डिनेशन से काम हो रहे हैं। जहां भी पीलिया व डायरिया की शिकायतें मिलती है, वहां सर्वे कर प्राइमरी हेल्थ सेंटरों में शिविर लगवाते रहे हैं।

- **डॉ. मनोज दानी,** सीएमएचओ

### मैदानी अमला तैनात

"पूरा औद्योगिक क्षेत्र है। इसलिए यहां पीलिया, डायरिया या पेट संबंधी बीमारी की समस्या लेकर मरीज आते हैं। एरिया सुपरवाईजर, एरिया कोआर्डिनेटर हैं। ये फील्ड वर्करों से मरीजों का अपडेट भी लेते रहते हैं।

- **डॉ. प्रतिभा,** शहरी प्राइमरी हेल्थ सेंटर छावनी

# पंजाब की हेरोइन बेचते तीन युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**खास बातें**
- दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की है घटना
- मुखबिर की सूचना पर मिली सफलता
- 6 लाख 14 हजार का सामान जब्त

पंजाब का हेरोइन (चिट्टा) का अवैध कारोबार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना दिया कि तीन युवक शिवनाथ नदी, महमरा रोड के पास हेरोइन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। जिसके कारण कई लोग हेरोइन लेने कई युवक जा रहे है। दुर्ग कोतवाली और एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची। दबिश देकर तीन युवकों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम मैत्रीकुंज रिसाली निवासी विशाल सिंग, टी मार्केट पावर हाउस बीरेन्द्र पारधी उर्फ बीरा, संतोषी पारा कैंप-2 अतुल कुमार बताया है। युवकों से पुलिस ने 74.34 ग्राम हेरोइन जब्त किया है। जिसकी कीमत 6.14 हजार 240 रुपए आंकी गई है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चिट्टा बेचने की रकम नगद 1,230 रुपए और 3 मोबाइल बरामद किया है। जब्त किया है।

आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया। एएसपी ने बताया कि तीनों युवक काफी पहले से हेरोइन की तस्करी करते आ रहे हैं। हेरोइन को पंजाब से लाकर यहां बेचा करते थे। इसमें एक युवक ऐसा है, जो हेरोइन का नशा करता था और उसकी लत को पूरा करने के लिए पंजाब से हेरोइन लेकर आता था। उसे दूसरों को बेचकर अपने नशे का शौक पूरा करता था। इस दौरान डीएसपी क्राइम अजय सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव आदि मौजूद थे।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301


## पहलगाम में आतंकी हमला...सुरक्षित लौट रहे भिलाई-दुर्ग के सैलानी

# दुर्ग से गए अजय के सामने एक सैलानी को आतंकियों ने मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- श्रीनगर में फंसे भिलाई-दुर्ग के 10 सैलानी, आज लौटेंगे



पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 सैलानियों की जान चली गई, जब यह घटना हो रही थी, उस समय भिलाई-दुर्ग के 10 से ज्यादा सैलानी घटना स्थल के आसपास थे। वे या तो अपने होटल में था, यहां पहलगाम के उस स्थल पर जाने के लिए प्रयासरत थे, जहां यह घटना हुई। इसी घटना के एक चश्मदीद हैं कि दुर्ग के अजय अग्रवाल, जिन्होंने पूरी घटना के बारे में कुछ इस तरह से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मैं कल पहलगाम में था, जब यह घटना हुई। बैसरन घाटी हमारे होटल के पीछे की तरफ थी। मुझे सुबह वहां जाना था, लेकिन आखिरी समय में मैंने वहां जाने से मना कर दिया। हम आज सुरक्षित रूप से श्रीनगर पहुंच गए हैं। कल वापस लौटेंगे। पहलगाम में हमारे होटल में एक अतिथि ने अपने पिता को खो दिया, जिसे उसके सामने गोली मार दी गई। यह एक बुरा सपना था। उन्होंने यह जानकारी अपने परिचितों के साथ वाट्सएप ग्रुप में शेयर की। रोटरी क्लब के नितिन जैन ने बताया कि घटना के बाद से अजय अग्रवाल का फोन नहीं लगा रहा, उनसे बात हुई है। वे फ्लाईट से देर रात या सुबह रायपुर पहुंच रहे हैं। उनके बताए अनुसार भिलाई-दुर्ग के 10 लोग श्रीनगर के एक होटल में हैं। बहरहाल श्रीनगर के एक होटल का वीडियो भी वायर हो रहा है, जिसमें एक महिला पूरी घटना की जानकारी दे रही है। महिला का नाम लता मोहन दास बताया जा रहा है। सेक्टर-7 निवासी विजया पति शेषनारायण शुक्ला भी परिवार के साथ श्रीनगर में फंसी हुई हैं। उन्होंने परिजनों से संपर्क साधा है।

### वायरल वीडियो से पता चल रहा छत्तीसगढ़ के 65 सैलानी फंसे



महिला का एक वीडियो श्रीनगर से वायरल हो रहा है, महिला ने बताया कि वे कश्मीर की वादियों में घूमने आए थे। मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले कश्मीर की वादियों में पहलगाम जाने वाले थे। हमें पहलगाम से 10 किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया, बताया गया कि वहां गोलियां चल रही है, आतंकी हमला हुआ है। वहां से लौटा दिया गया। इसके बाद से हम श्रीनगर के एक होटल में हैं। हमारे साथ रायपुर और भिलाई के करीब 65 लोग हैं। घटना के बाद से श्रीनगर बंद है। कश्मरी बंद है, रास्ते बंद है। इस वजह से हम सभी फंस गए हैं। शासन-प्रशासन से मांग है कि उन्हें बाहर निकालने की व्यवस्था की जाए। इसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सैलानियों से बात की, उन्हें सुरक्षित लाने के इंतजाम किए गए। खबर है कि भिलाई के 10, रायपुर के 55 सैलानी है। इसके अलावा चिरमिरी के 11 और बिलासपुर के 6 पर्यटक अलग है। इस प्रकार कुल 82 सैलानी फंसे हुए हैं।


आवश्यकता है
रात्रिकालिन अखबार की गिनती पैकिंग एवं बंडल लोडिंग के लिये युवकों की आवश्यकता है।
आधार कार्ड, बैंक पासबुक होना अनिवार्य है।
12वीं से स्नातक तक
उम्र 21 से 30 वर्ष तक
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, रायपुर
संपर्क - 9827555678

## खबर संक्षेप



### विवेकानंद सभागार और ठाकरे भवन को लीज में देगी निगम

दुर्ग। नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक मेयर अलका बाघमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कक्ष में आयोजित हुई। सबसे पहले बाजार विभाग पार्किंग जुड़े एजेंडों पर चर्चा हुई। इंदिरा मार्केट वाहन शुल्क हेतु 3 वर्षों के लिए निविदा पर चर्चा की गई। इदिरा मार्केट वाहन पार्किंग ठेका व न्यू बस स्टैंड में वाहन पार्किंग ठेका को मेयर श्रीमती अलका बाघमार व परिषद के सदस्यों की सहमति से रेट नही आने के कारण अगले एमआईसी की बैठक में निर्णय हेतु टाला गया। वहीं विवेकानंद भवन एवं कुशा भाउ ठाकरे भवन को लीज में देने का निर्णय लिया गया। मेयर इन काउंसिल की बैठक में एक देश एक चुनाव का संकल्प एमआईसी में सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया गया।

### डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई



दुर्ग। आईएचएसडीपी कॉलोनी बॉम्बे आवास उरला में भारत रत्न डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की सार्वजनिक जयंती धूमधाम से मनाई गई । जिसके तहत सामूहिक त्रिशरण, पंचशील, बुद्ध वंदना, धम्म वंदना व संघ वंदना का शील ग्रहण कर विश्व कल्याण के लिए मंगल कामनाएं की गई। इस अवसर पर बच्चों का नृत्य वह अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई साथ ही महिलाओं के लिए डांस प्रतियोगिताएं वह अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि अरविंद सिंह खुराना अध्यक्ष गुरुद्वारा सिंह सभा, प्रमुख अतिथि आयुष्मान अशोक मेश्राम, सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सचिव बुद्ध विहार समिति शंकर नगर, अध्यक्षता आयुष्मान योगेंद्र बबलू चौरे, रत्नमाला भौतिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आयुष्मान बबलू चौरे ने किया। कार्यक्रम में सीमा गजभि, मीना नारनवरे, पंचशीला बोरकर, सारिका रामटेके, मीणा मेश्राम आदि उपस्थित थे।

**तैयारी:** फारेस्ट आफिस के पास बने नवीन हाईजेनिक मार्केट में होगी शिफ्टिंग

# एक सप्ताह के अंदर इंदिरा मार्केट से हटेगा मछली बाजार, होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2016 में करीब डेढ करोड रूपए से अधिक की लागत से बने हाईजेनिक मछली बाजार को एक बार फिर शहर से हटाने की कवायद की जा रही है। इंदिरा मार्केट में बसे सैकडों थोक मछली विक्रेताओं को एक सप्ताह के अंदर नवीन मार्केट में शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए गए है। महापौर अल्का बाघमार द्वारा शहर के अंदरूनी इलाको में मछली, मटन का व्यापार कर रहे लोगों को एक साथ नवीन बाजार में शिफ्ट करने के निर्देश दिए है। अगर ऐसा हो गया तो लोगों को राहत मिलेगी और एक ही जगह बाजार लगने से सहुलियत भी होगी।

नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार ने बुधवार को फारेस्ट कार्यालय व केडा आफिस परिसर में बने नवीन हाईजेनिक थोक मछली बाजार का निरीक्षण किया। वर्तमान में हाईजेनिक मार्केट (मछली बाजार) थोक मछली बाजार के भवन का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को मछली बाजार के संचालन के लिए इंदिरा मार्केट में मछली बाज़ार, मटन व मुर्गा दुकान के फुटकर व थोक दुकानदारों से सम्पर्क कर नवीन हाईजेनिक मार्केट मछली बाजार में एक सप्ताह के भीतर दुकाने लगाई जाने निर्देशित किया गया है। ताकि अनुपयोगी भवन का उपयोग कर उच्चतम स्तर पर मछली बाजार का संचालन किया जा सकें।

**महापौर ने अफसरों के साथ किया मौके का निरीक्षण**




### दुर्गंध से लोग होते है हालाकान

इंदिरा मार्केट में 72 से अधिक दुकाने मछली, मुर्गा और मटन के लगाए जाते है। शहर के मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट ही है। यहां सभी तरह के दुकाने होने के कारण रोजाना हजारों की संख्या में लोग यहां आते है। सब्जी बाजा से लेकर खाने पीने के सामान यहां बिकते है। ऐसे में मछली और मटन बाजार इलाको में दुर्गंध फैला रही है, जिसका पिछले लंबे समय से हटाने की मांग भी शहरवासियों द्वारा की जा रही थी। बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि, इंदिरा मार्केट में मछली, मुर्गा और मटन कुल 72 दुकानें सम्मिलित है।

### कलेक्टर ने भी की थी पहल

हरिभूमि ने इस मामले को लगातार प्रकाशित किया था। जिसके बाद तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने भी नवीन हाईजेनिक बाजार में दुकानों को शिफ्ट करने निर्देश दिए थे। जेल रोड में केंद्रीय स्कूल के करीब हाईजेनिक फिश मार्केट शहर से 1 किलो मीटर हटकर खुले वातावरण में स्थित है एवं बाजार हेतु पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है। परिसर में बर्फ संयंत्र सह (शीत गृह) कोल्ड स्टोरेज (दैनिक क्षमता-12 मी.टन) भी निर्मित है, जिससे निर्मित बर्फ का उपयोग कर मछलियों को अधिकतम समय तक ताजा रखा जा सकता है एवं मछली खाने वाले आम उपभोक्ताओं को ताजी एवं स्वस्थ मछली उपलब्ध हो सकेगी।

### डेढ़ करोड़ रूपए से अधिक खर्चा

वर्ष 2016 में हाईजिनिक थोक मछली बाजार करीब 52 लाख 13 हजार की लागत से बनाया गया था। इसी तरह हाईजिनिक खुदरा मछली बाजार 39 लाख 42 हजार में तैयार किया गया था। यही नहीं मछली के व्यापारियों की सहुलियत के लिए यहां बर्फ संयंत्र सह शीतगृह का निर्माण 65 लाख की लागत से तैयार किया गया है। इस तरह डेढ करोड से अधिक की राशि खर्च हुई है। दुर्ग में बनाया गया यह बडा प्रोजेक्ट संभाग के किसी जिले में नही है। बहरहाल इंदिरा मार्केट के आलावा शहर के रिहायसी इलाका पद्नाभपुर रोड, धमधा नाका, नयापारा, सिकोलाबस्ती, तितुरडीह, गंच चौक सहित शहर के कई इलाको में थोक मछली व्यापारी दुकानदारी कर रहे हैं।

**निर्देश दिए**



नवीन हाईजेनिक फिश मार्केट का निरीक्षण कर पार्किंग व्यवस्था, परिसर के आस पास पौध रोपण सहित बेहतर ढंग से जेसीबी से साफ सफाई करने के लिए निर्देश दिए गए है। **-अल्का बाघमार,** महापौर दुर्ग

# शहर के 15 स्थानों पर बोर खनन कर पॉवर पंप लगेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के दर्जनभर से अधिक वार्डो में पेयजल संकट की स्थिति से अब राहत मिलेगी। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन विभाग मंत्री अरूण साव ने शहर में दर्जनभर से अधिक बोरवेल्स कराने की स्वीकृति दी है। जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी।

- भीषण गर्मी में पेयजल संकट का समाधान

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 15 स्थान पर बोर खनन कर पॉवर पंप लगाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दिए है। स्थल निरिक्षण पश्चात कुछ ही दिन में बोर खनन की शुरुआत हो जाएगी, ताकी शहर के नागरिकों को भीषण गर्मी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। विधायक गजेन्द्र ने उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का त्वरित कार्यवाही करने पर आभार जताये है। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की गर्मी बढ़ने के साथ दुर्ग के विभिन्न क्षेत्रों में जलसंकट की समस्या से पार्षद एवं जनता ने अवगत कराया था। उनके द्वारा बोर खनन की मांग पत्र प्राप्त हुआ था। जिसे संज्ञान में लेकर तत्काल नगरीय निकाय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से पेयजल संकट के निराकरण करने निवेदन किये थे। जिस पर जनहित के मुद्दे को देखते हुए विभागीय मंत्री ने बोर खनन कराने स्वीकृति दे दी है।

### इन स्थान पर होगा बोर खनन

शहर के वार्ड क्र. 07 किल्ला मंदिर, वार्ड 10 शंकर नगर, वार्ड 11 शंकर नगर पूर्व, वार्ड 15 सिकोलाभाठा, वार्ड 30 तमेरपारा, वार्ड 32 ब्राम्हणपारा, वार्ड 34 शिवपारा, वार्ड 35 रामदेव मंदिर, वार्ड 36 गंजपारा, वार्ड 39 डिपरापारा, वार्ड 44 गुरु घासीदास वार्ड, वार्ड 47 सिविल लाइन, वार्ड 52 बोरसी, वार्ड 59 कातुल बोर्ड में पेयजल को दुरुस्त करने बोर खनन किया जायेगा।

# स्पैरो पर एफआईआर नहीं निगम शिविर की दे रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सामान्य सभा में स्पैरों कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराने की घोषणा करने वाली भाजपा ने अब तक एफआईआर दर्ज नही कराया है। बल्कि निगम परिसर में स्पैरों कंपनी को शिविर लगाकर सुविधा दी जा रही है।स्पैरों कंपनी द्वारा टैक्स वसूली में आर्थिक अनियमितता कर करीब साठ लाख की गडबडी की है। बहरहाल शिविर में ऐसे पीडित जिन्होने कंपनी को पैसा भुगतान कर दिया है। लेकिन उनका नाम पंजी में नही चढाया है। ऐसे लोगों से विगत दिनों शिविर लगाकर पर्ची ली गई थी। जिसमें उनके द्वारा राशि पटाने की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पैरो के टैक्स संबंधी शिकायतों के लिए 15 से 21 अप्रैल तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में किसी ने रसीद दिखाया तो किसी ने फोने पे एवं चेक के माध्यम से टैक्स देना बता गया। जिसमें सभी पीड़ति करदाताओं की सूची तैयार की गई। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर मुताबिक 15 से 21 अप्रैल तक के शिविर में 30 लोगो का पैसा टोटल 2,82,543/- रुपये वापस किया गया। और 1,05,435/- रुपये निगम में स्पेरो से बोलकर नगद जमा कराया गया है।

- महापौर ने 30 पीड़ित करदाताओं को लौटाए राशि



# दुष्कर्मी को बीस साल सश्रम कारावास की सुनाई गई सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र की है। पीड़िता की मां ने घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई। शिकायतकर्ता के मुताबिक तीन सितंबर 2023 को दोपहर 2.30 बजे वह अपने पति के साथ काम पर चली गई। शाम चार बजे घर लौटने पर पता चला कि, उसके सौतेला बेटा ने ही पीड़िता के साथ गलत काम किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 376 (क,ख), 376(2),पाक्सो एक्ट की धारा 5,6 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण सुनवाई के लिए अपर सत्र न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के अंतर्गत आरोपित को 20 वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजक रूपवर्षा दिल्लीवार ने की।

### पुत्री शाला को नहीं तोड़ने कलेक्टर को ज्ञापन

दुर्ग। आल इंडिया यूथ फेडरेशन ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन देकर शहर के वार्ड छः में बने ऐतिहासिक पुत्री शाला स्कूल को पानी टंकी के लिए तोडने की मांग की है। फेडरेशन के अध्यक्ष मो. शमीम कुरैशी व उपाध्यक्ष कमलेश निर्मलकर ने बताया कि शासकीय प्राथमिक कन्या शाला (पुत्री) शिक्षक नगर, दुर्ग सन 1906 से निर्मित, आजादी के पूर्व बनी हुई है, वर्तमान में ऐसा ज्ञात हुआ है कि, इस स्कूल को तोड़कर पानी टंकी का निर्माण होने की प्रक्रिया चल रही है। पानी टंकी के लिए पास में काफी जगह है।

# पंचायती राज दिवस आज, 31 पंचायतों में शुरू होंगे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिले में व्यापक स्तर पर आयोजन किए जाएंगे। इस दिन जिले की 31 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया जाएगा। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, जीवन बीमा, पेंशन ट्रांजेक्शन जैसी वित्तीय समावेशन सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जहां ग्रामीण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण देख और सुन सकेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर देशभर की ग्राम पंचायतों को संबोधित करेंगे। राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों का प्रसारण भी ग्राम पंचायतों में सुनने की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार सभी जनपद पंचायतों को तैयारी पूर्ण करने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ग्राम सभाओं के आयोजन हेतु स्वच्छ पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

- ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

# सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में आज सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रामगोपाल गर्ग एवं विशेष अतिथि डायरेक्टर कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र सुपेला भिलाई अजय कल्याणी उपस्थित रहे। रामगोपाल गर्ग ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के बारे में बच्चों को जागरूक किया। अजय कल्याणी ने नशे के विभिन्न कारणों, नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के दिमाग को खोखला करता जा रहा है। युवाओं को सजग रहकर नशे से दूर रहना होगा।

अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह एवं कार्यक्रम में स्वागत भाषण राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना मान द्वारा किया गया । प्राचार्य ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध खड़ा होना चाहिए।कार्यशाला के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें पोस्टर निर्माण, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन शामिल थीं। विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और सामाजिक चेतना का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

दुर्ग। दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार सिरसाभाठा सिरसाकला तहसील भिलाई एवं जिला दुर्ग निवासी देवबगस निर्मलकर की 11 अगस्त 2022 को अंडरब्रिज पार करते समय डूबने से मृत्यु हो गयी थी। प्रावधानों के अनुरूप स्व देवबगस की पत्नी लक्षणी बाई निर्मलकर को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

# सुशासन तिहार छोड़ नेटवर्क मार्केट का सैर कर रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। जिसे लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर डीईओ द्वारा किसी भी शिक्षक को बगैर अनुमति के स्कूल छोडने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। लेकिन नेटवर्क मार्केट का व्यापार में लगे शिक्षक इन दिनों टुर पर निकल गए है। ऐसी जानकारी आई है कि, हर्बन लाईफ नामक प्रोडक्ट कंपनी से जुडकर शहर के दर्जनभर स्कूलों से शिक्षक गायब है।

- सुशासन तिहार में बगैर अनुमति छुट्टी किया है

निर्देश में विशेष परिस्थिति में ही कलेक्टर की अनुमति पर अवकाश की स्वीकृति दिए जाने के निर्देश है। लेकिन शिक्षक प्रशासन के आदेशों की धज्जियां उडाकर स्कूल से गायब है। हैरानी वाली यह है कि, कई शिक्षक डीईओ को पत्र लिखे है। लेकिन उन्हें अनुमति नही मिली है और वे छुट्टी पर चले गए हैं। दूसरी तरफ ऐसे शिक्षक जो गर्मी में पसीना बहा रहे है, उनमें आक्रोश की स्थिति है। शिक्षा विभाग द्वारा शहर के स्कूलों की जांच करे तो मामला सामने आ जाएगा। हर्बल लाइफ नेटवर्किंग से जुड़े शिक्षक बेकोफ शिक्षिकिय कार्य छोड़ अपना बिजनेस कर रहे हैं। इसके पहले भी डीईओ ने नेटवर्क मार्केटिंग के मामले में निर्देश जारी किए थे। निर्देश में शिकायत मिलने पर कडी कार्यवाही का प्रावधान किया गया था। इसके बाद भी शिक्षक नही सुधर रहे है।

### शिक्षकों ने बना रखा सिडिंकेट

नेटवर्क मार्केटिंग व प्रोडक्ट कंपनियों ने शिक्षको को मोटी कमीशन का लालच देकर व्यापार से इन्हें जोड रहे हैं। कमीशन का लालच देकर एक शिक्षक को जोड रहे है, वही उसी शिक्षक को कमीशन का लालच देकर दूसरे को जोडने कहा जा रहा है। इस तरह वर्तमान में शिक्षा विभाग में सिडिंकेट जैसी स्थिति बन गई हैं। स्कूल की पढाई छोड सरकारी स्कूलों में शिक्षक बडे नेटवर्क से जुडकर काम कर रहे है। जिनका नेटवर्क दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद, धमतरी, आरंग में कार्यरत शिक्षक जुड़े हुए हैं। जिनका हर सप्ताह रायपुर के बड़े होटल में प्रोग्राम करना होता है एवं साल में दो बार राज्य से बाहर का टूर प्रोग्राम होता है। जिसमे प्रोडक्ट बेचने लोगो को जोड़ने के बदले इन्हें अच्छी खासी कमीशन मिला करता है।

### करेंगे कार्यवाही

नेटवर्क माकेटिंग को लेकर पूर्व में भी निर्देश जारी किए गए थे। शिकायत मिलने पर सिविल सेवा आचरण का उल्लघन में कडी कार्यवाही की जाएगी।
**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग






## निधन

### रविन्दर कौर दुलई

**भिलाई।** मोहन नगर दुर्ग निवासी रविन्दर कौर दुलई पत्नी स्व.



सर्वजीत सिंह दुलई पूर्व प्रधान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दुर्ग का निधन 23 अप्रैल को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे हरनाबांधा दुर्ग मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### विश्राम भाई खेताभाई चौहान

**भिलाई।** ईडब्ल्यूएस 516, वैशाली नगर भिलाई निवासी विश्राम भाई



खेताभाई चौहान उम्र 76 वर्ष का निधन का 23 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दमयंती बेन चौहान के पति और अश्विन भाई चौहान के पिता थे।

### राजीव पाण्डेय

**भिलाई।** सेक्टर 5, स्ट्रीट 26, 7 ए निवासी राजीव पाण्डेय का निधन



बुधवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को रामनगर मुक्तिधाम में 11 बजे किया जाएगा। वे केएन पाण्डेय व विमला पाण्डे के पुत्र, संजीव पांडे और रश्मि पाण्डे के भाई, डॉ. मानसी पाण्डे के देवर और सुनीता मिश्रा के पति थे।

### हरिश्चंद्र वर्मा

**भिलाई।** प्लॉट नंबर 8, ब्लॉक नंबर 9 प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व



सुपेला निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी हरिश्चंद्र वर्मा उम्र 82 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जायेगा। वे भूपेंद्र, सुनील व नितेश वर्मा के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# पशु चिकित्सा मोबाइल वाहन 1962 पालकों के लिए हुआ वरदान साबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

पशु स्वास्थ सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार और राज्य सरकार की स्वस्थ चिंतन पशु पालकों के लिए वरदान साबित होने लगी है। सरकारों ने इंसानों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा के रूप में चिकित्सा वाहन 108 की सुविधा प्रदान किए। इसी तर्ज में पशुओं की आपातकालीन सेवा के लिए पशु चिकित्सा मोबाइल वाहन 1962 उपलब्ध कराए हैं। इस मोबाइल वाहन में 1 पशु चिकित्सक सहायक सर्जन और एक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी वाहन चालक के साथ प्रवास करते हैं। 1962 में फोन काल आने पर या पशु चिकित्सकों से जानकारी मिलने पर अविलंब पहुंचकर पशुधन की देख भाल चिकित्सा में जुट जाते हैं। यह सुविधा डेढ़ वर्षों से सेवारत है।

## इंसान के लिए 108 की तरह पशुओं के लिए 1962 में त्वरित चिकित्सा देख किसानों के चेहरे खिल उठे

### गायों के लिए त्वरित उपचार की सुविधा

जामगांव आर में हीरालाल साहू की दो गाय अनपचन के चलते अस्वस्थ हो गई पशु मालिक ने पशु चिकित्सालय जामगांव आर पहुंचकर अतिरिक्त उप संचालक डॉ. बी मुखोपाध्याय से चिकित्सा के लिए आग्रह किए। मोबाइल वाहन चंद मिनटों में किसान के घर पहुंचकर पशुओं को चिकित्सा उपलब्ध कराए। केंद्र और राज्य शासन की इस सुंदर व्यवस्था से किसान के चेहरे त्वरित सेवा पाकर खिल उठे।






### दो मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन पाटन ब्लॉक को मिले

मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन में आए पशु चिकित्सक सहायक सर्जन डॉ. प्राची यदु एवं पशु चिकित्सा सहायक क्षेत्र अधिकारी समीक्षा ताम्रकार ने बताया कि पाचन क्षमता से अधिक खाना के कारण गाय अस्वस्थ्य हो गई उपचार पश्चात पेट साफ होते ही स्वस्थ हो जाएगी। दवाई पश्चात गाय के मल द्वार से पतली दस्त होगी पेट हल्का लगेगा पहले की तरह स्वस्थ हो जाएगी। पाटन ब्लाक के लिए दो मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध है। एक वाहन दुर्ग पाटन रोड के उत्तर और दूसरा दक्षिण एरिया को सुविधा उपलब्ध कराने तत्पर रहते हैं।

### पार्टी में बचा भोजन पशु को एक साथ नहीं खिलाएं

समूह में पशु पालन करने वाले दयालु राम यदु ने कहा कि शादी या कोई भी पार्टी पश्चात बचे भोजन को एक साथ ओवरडोज में किसी भी पशु को नहीं खिलाए। पशु तो स्वादिष्ट भोजन मिलने पर बेहिसाब खा जाते हैं जो पशु को अस्वस्थ करने का कारण बन जाता है और अनेकों बार पशु के मौत का कारण भी बन सकती है इसलिए बचे भोजन बहुत सारे पशुओं में बाटकर खिलाए। पशुधन की स्वास्थ्य रक्षा करने में योगदान सराहनीय होगा।

### पशु-पक्षी की प्यास बुझाने फर्ज समझें

समाजसेवी गौतमचंद चौरड़िया ने कहा कि शासन तो सुविधाएं देने योजना बनाती है। आदमी भी योजना बनाकर इंसान होने का फर्ज निभाए। गर्मी बढ़ गई समाजसेवी जगह जगह पानी की ऐसी व्यवस्था की चिंतन भी करे कि पशु पक्षी कुत्ते को भी प्यास बुझाने पानी मिल सके। कम से कम अपने घरों के सामने पानी पिलाकर प्यास बुझाने का पुण्य अर्जन करे। एक बात इंसान को ध्यान रखना होगा कि वे सबका ध्यान रखे तो परमात्मा उनका ध्यान रखने में कोई कमी नहीं छोड़ेगा।

## समय में टैंकर नहीं आने पर लोगों को हो रही दिक्कतें

# ख़ुड़मुड़ा के वार्ड 4 और 6 में पानी की समस्या से जूझ रहे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**समस्या का समाधान नहीं होने पर मटका लेकर वार्डवासी पहुंचेंगे पालिका**




दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर क्षेत्र अंतर्गत खुडमुड़ा में रानी दुर्गावती वार्ड क्रं 4 और 6 में पानी की समस्या से जूझ रहे है वार्ड वासी। वार्ड पार्षद ललिता कुमार साहू ने कहा कि पानी की समस्या को लेकर कई बार पालिका के अधिकारी सहित पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर से जल संकट के बारे में अवगत कराया जा चुका है फिर भी अधिकारी कर्मचारी इसका निराकरण नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पानी टैंकर कभी दोपहर 12 बजे तो कभी 2 बजे कभी 3 बजे आता है।

पार्षद ललिता कुमार साहू ने बताया कि टैंकर को सुबह 7 बजे और शाम 5 बजे भेजने की कई बार बात पालिका के अधिकारी के सामने रख चुके हैं फिर भी समय में टैंकर नहीं पहुंच पाता इसलिए लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। समय में पानी नहीं आने के कारण भरी दोपहरी में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुबह शाम पानी की आवश्यकता लोगों को ज्यादा होती है। दोपहर में पानी टैंकर आने के कारण कई लोगों को पानी भी नहीं मिल पाता जिसका उचित व्यवस्था पालिका प्रशासन को करना चाहिए।

वहीं भाजपा नेता कुमार साहू ने पेयजल आपूर्ति को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन को शीघ्र इसका समाधान करना चाहिए आने वाले समय में और विकट स्थिति निर्मित पानी के लिए हो सकता है। इस साल गर्मी बहुत ज्यादा लग रहा है लोगों को खाना से ज्यादा जल की आवश्यकता पड़ता है। समस्या का हल नही होने पर वार्डवासियों के साथ मटका लेकर पालिका पहुंचने की बात कही है।

वहीं पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर से जानकारी लिया तो कहा कि पूरे अम्लेश्वर नगर सहित पालिका क्षेत्र के चार गांव में वाटर लेवल कम हो गया है जिसके कारण पानी की समस्या वार्डो में हो रही है। हमारे पास चार पानी टैंकर है लेकिन इंजन सिर्फ दो है एक कचरा साफ करने के लिए जाता है और दूसरा पानी टैंकर लेकर सप्लाई करने वार्डो में जाता है। बारी-बारी से वार्ड में पानी की व्यवस्था कराई जा रही है संसाधन की कमी की वजह से परेशानी हो रही है। नगरवासी सहयोग करे बारी बारी से टैंकर वार्डो में भेजा जा रहा है।

# पेड़ों की चल रही है खुलेआम कटाई, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



पाटन के आसपास के गावों में पेड़ों की अवैध कटाई निरंतर बेखौफ रूप से चल रही है। अवैध कटाई का कार्य खुलेआम चल रहा है। अंधाधुध कटाई से क्षेत्र के कई गांव के हरियाली खत्म हो गई है और अब मैदान व खेत खलिहान में बदलने लगे हैं। अवैध कटाई पर वन विभाग का मोन रहना आश्चर्यजनक है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी को दिखाई नहीं दे रही है जिससे यह साबित होता है कि वन विभाग के अधिकारी लकड़ी तस्कर को खुलेआम कटाई करने को छोड़ दिया गया है। कहवा अर्जुन पेड़ों की निरंतर चल रही है। अब देखना होगा कि पेड़ों की कटाई को वन विभाग किस तरह रोकने का प्रयास करता है जिससे पेड़ों की सही निगरानी हो सके, लेकिन यह तो उलट साबित हो रही है। वन विभाग के अधिकारियों और लकड़ी तस्कर दोनों में साथ-साथ का खेल खेला जा रहा है लेकिन उच्च अधिकारी आंख बंद कर आराम कर रही है। वहीं वन विभाग के रेंजर एवं डिप्टी रेंजर के निरीक्षण में पेड़ों की बली चढ़ा रहे हैं। आपको बता दें कि ये काम लंबे समय से पाटन के आसपास गावों में चल रही है लेकिन कार्यवाही के पहले पेड़ तस्करों को खबर कर देते हैं जिससे कार्यवाही के पहले वहां से हट जाते हैं। वहीं विभाग द्वारा दिखावटी कार्यवाही के लिए वहां पहुंचकर कहते हैं और वहां पर कोई नहीं मिला कर टाल देते हैं। इसाक मतलब साफ है कि लकड़ी तस्कर वन विभाग के अधिकारियों को खुश करते रहते हैं। वही अधिकारियों को पता नहीं होगा कि कहां आरा मिल संचालित है, लेकिन वन विभाग को पूरा जानकारी है। बेशकीमती हरे भरे पेड़ो के कारण पर्यावरण अच्छा रहता है बारिश भी पर्याप्त होती है लेकिन बारिश की मात्रा घटने लगी है जिसका सीधा असर जनजीवन पर पड़ने लगा है। इस

■ कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्कर कर रहे पेड़ों की बेखौफ कटाई

कार्य में सम्मिलित आरा मिलो में छापामार की कार्यवाही के साथ इन पेड़ों की कटाई वालों का सहयोग करने वाले अधिकारी पर कठोर कार्यवाही होना चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पाटन के आस पास के गावों से शाम होते ही ट्रैक्टर से लोड कर लकड़ी ले जाते हैं और आरा मिलो में खपा रही है लेकिन अधिकारियों द्वारा एक भी कार्यवाही नही किया गया हैं। इससे जाहिर होता है कि आरामिलों और अधिकारी के सहयोग से सब कुछ चल रहा है। लकड़ी तस्करों, आरामीलों एवं वन विभाग के रेंजर के साथ मिलकर पलटी भी किया जाता है। जानकारों के अनुसार बठेना के पास में एक नर्सरी है। इसी जगह में हफ्ते में एक दिन पलटी करने की खबर लगी है। वहीं फॉरेस्ट अधिकारी भट्ट से पेड़ों की कटाई पर पता करने पर उन्होने कहा कि पटवारी और आरआई मौके पर जाकर परमिशन करेगी तो कार्यवाही होगी। वहीं फारेस्ट अधिकारी भट्ट ने धारा 1970 की बताकर फोन काट दिया गया।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## प्री बीएड व डीएलएड के लिए आवेदन कल तक

**भिलाई।** व्यापम द्वारा आयोजित प्री बीएड एवं डीएलएड प्रवेश परीक्षा-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल को शाम 5 बजे तक है। छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों के लिए रजिस्ट्रेशन पूर्णता निःशुल्क है, अन्य राज्य के विद्यार्थियों के लिए 350 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा। बीएड के लिए लगभग 14600 सीट एवं डीएलएड के लिए लगभग 6750 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित किया जाएगा। बीएम कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग छत्तीसगढ़ जो कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत बीएड, बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए कोर्स संचालित होता है। बीएम कॉलेज की स्थापना वर्ष 2008 में हुई है, प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दिया।




## मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर में बच्चों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सेक्टर ग्राम अंडा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में चिन्हांकित कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बाल संदर्भ शिविर का आयोजन को आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया। आयोजित शिविर में शिशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा ठाकुर ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही केंद्र में अत्यंत आवश्यक दवाइयां का वितरण किया गया। चिकित्सा परीक्षण के अतिरिक्त चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपस्थित बच्चों के पालकों को गर्मी में बच्चों की आवश्यक देखरेख, खानपान, शुद्ध पानी पीने आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। शिविर में शिशुवती माता को कुपोषण एवं कुपोषण दूर करने की समस्त सावधानी, पोषण आहार आदि से अवगत कराया गया। बाल संदर्भ शिविर में पर्यवेक्षक रेखा लोनारे द्वारा उपस्थित पालकों को अधिक मात्रा में हरी सब्जी खाने, आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से शासन द्वारा प्रदाय रेडी टू इट का उपयोग करने, शुद्ध पोषण आहार लेने, गर्मी में किसी भी प्रकार से बच्चों को तकलीफ होने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने आदि से अवगत कराते हुए शिविर समापन घोषणा कर आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर रेडी टू ईट पाउडर से बनने वाले व्यजनों का प्रदर्शनी लगाई गई। इस शिविर में आसपास के ग्राम अंडा,विनायकपुर,निकुम, आलबरस, आमटी, खाड़ा, रुदा, जंजगिरी, मतवारी के बच्चे इस शिविर का लाभ उठाया।



### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लता चंद्राकर पति श्री कुमार चंद्राकर, उम्र-49 वर्ष, निवासी- वार्ड नं.- 11, रिसामा, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हूँ कि मैनें अपना यह पुराना नाम - लता कुमारी नरेरा पिता बाल कृष्ण नरेरा को त्याग कर नया नाम लता चंद्राकर पति श्री कुमार चंद्राकर, रख ली हूँ । अतः आज से मुझे एवं मेरे पति एवं बच्चों के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम लता चंद्राकर पति श्री कुमार चंद्राकर से ही जाना एवं पहचाना जावें।

शपथकर्ता
लता चंद्राकर पति श्री कुमार चंद्राकर
निवासी- वार्ड नं.- 11, रिसामा,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जामगांव आर तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना-सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार**

**आवेदक** - (1) श्री कल्याण सिंह, केजुराम ढीमर, गरीबा (2) श्री देवंतीन, सतरूपा, नितेश कुमार, चेतनलाल (3) श्री प्रवीण, अनीता, निर्मला, वसुंधरा, गोपाल (4) श्री नंदकुमार, संतुराम, गोपाल पिता बद्रीप्रसाद

आवेदक श्री नोवेश्वर आत्मज श्री माधो प्रसाद के सीमांकन प्रकरण नायब तहसीलदार जामगांव आर के आदेश क्रमांक 4 दिनांक 11/12/24 के पालन में ग्राम कुम्हली प.ह.नं. 49 स्थित भूमि ख.नं. 641 रकबा 2.17 का सीमांकन मेरे द्वारा किया जाना है। उक्त ख.नं. के भूमि से आपकी भूमि लगी हुई है। अतः आपको मूल दस्तावेज के साथ मौके पर दिनांक 01/05/2025 को पूर्वान्ह बजे उपस्थित रहे।

**राजस्व निरीक्षक मंडल**
**जामगांव आर तह. पाटन**

## विश्व पृथ्वी दिवस पर सेजस जामगांव आर में हुई कार्यशाला

# अटल टिंकरिंग लैब आधुनिक प्लेट फार्म है: एके जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विश्व पृथ्वी दिवस पर धरती माता का कृतज्ञता प्रगट करते हुए मंगलवार को संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर की आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए अटल टिंकरिंग लैब में कार्यशाला सेजस जामगांव आर में आयोजित हुआ। समारोह के अतिथि मंच पर जामगांव आर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यवस्थापक एके जैन, परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष किशोर साहू, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, सेजस जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, संकुल समन्वयक रूपेश साहू, समाजसेवी भारती सोनबेर, प्राचार्य चेतना ठाकुर, एटीएल इंचार्ज विनीता प्रसाद मंचासिन थे। पर्यावरण संरक्षण करते हुए धरती माता की सेवा करने शपथ दिलाई गई।



### थ्री डी प्रिंटर की जानकारी दी गई

एटीएल प्रभारी विनीता सुधीर ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर के 'शिक्षा समानता और अवसर सबके लिए' के स्वप्न को साकार करने की दिशा में अटल टिंकरिंग लैब जामगांव आर में एटील कम्युनिटी दिवस पर थ्रीडी प्रिंटर पर आधारित वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्राचार्य चेतना ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की सभी ने सराहा। कार्यशाला की शुरुआत प्रशिक्षक चंद्रकांत साहू ने की। इन्होंने छात्र-छात्राओं को थ्रीडी प्रिंटर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### एकता व्यक्तिगत पहचान को लक्ष्य बनाकर कदम बढ़ाए

सशिमं व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों के हुनर को निखार कर होनहार बनाने का आधुनिक प्लेटफार्म है। इस प्लेटफार्म का उपयोग कर विद्यार्थी अपनी आर्थिक मदद का रास्ता विद्यार्थी जीवन में ही स्वयं तैयार कर सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी माता-पिता गुरु की बात माने, मार्गदर्शन प्राप्त कर अपनी जिंदगी संवारने बुलंदी के साथ आगे बढ़े, सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाए, शिक्षा के साथ संस्कार और संगति का विशेष ध्यान रखे, एकता के साथ आगे बढ़े, व्यक्तिगत पहचान बढ़ती चली जाएगी जो इस जगत का अनमोल हीरा है। एटीएल योजना का भरपूर लाभ लोगों को मिले शासन को ध्यान देना चाहिए।

### रुचिकर विषय चुनकर भविष्य संवारे: सरपंच

सरपंच रूपेंद्र शुक्ला एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अटल टिंकरिंग लैब का भरपूर लाभ उठाकर उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए मार्गदर्शन दिए। शुक्ला ने कहा कि रुचिकर विषय चुनकर आगे बढ़े सफलता कदम चूमती है। सामाजिक कार्यकर्ता किशोर साहू ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदर्श को जीवन में उतारे जीवन संवरने लगेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन टोपेश्वरी सिन्हा तथा नंदा सोनी ने किया । कार्यक्रम में दोनों माध्यम के सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

### वृक्षों की प्यास बुझाने बच्चे बड़े स्वस्फूर्त सामने आए: प्राचार्य

आभार प्रगट करते हुए प्राचार्य चेतना ठाकुर ने विश्व पृथ्वी दिवस पर आग्रह किए कि पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने में सबका साथ सबका विश्वास मिले तब पर्यावरण को विरासत में देने लायक बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण तो हो जाता है लेकिन वृक्षों को पानी कौन दे इनकी प्यास कौन बुझाए यह चिंतनीय ज्वलंत प्रश्न बनकर सामने खड़ी है। प्राचार्य ने स्थानीय बच्चों एवं समाजसेवियों से अपील किए कि वृक्षों की प्यास बुझाने में स्वस्फूर्त अहम भूमिका निभाए।

**खबर संक्षेप**

## इंजीनियरिंग छात्र ने लगाई फांसी



**भिलाई।** इंजीनियरिंग छात्र ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मौके से एक सुसायडल नोट भी पुलिस को मिला है। मोहन नगर प्रभारी शिव चंद्रा ने बताया कि वार्ड 21 आशा नगर निवासी जय किशन देवांगन नामक युवक इंजीनियरिंग का छात्र है। अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सुसायडल नोट में अपने मन से फांसी लगाने की बात लिखी है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। जांच के बाद ही कारणों का पता चल पाएगा।

## नेहरु गैलरी में गौतम की चित्रकला प्रदर्शनी आज से

**भिलाई।** बीएसपी की नेहरू आर्ट गैलरी में गुरुवार को स्थानीय चित्रकार गौतम सील की चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन शाम 5:30 बजे मुख्य महाप्रबंधक आरके श्रीवास्तव करेंगे। बैंक आफ इंडिया से सेवानिवृत्त गौतम सील का चित्रकला के प्रति बचपन से ही रूझान था। अपनी सूक्ष्म दृष्टिकोण और जटिल विवरणों को रंगों और रेखाओं के माध्यम से व्यक्त करते हैं। तीन दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी 26 अप्रैल तक रोज शाम 8.30 बजे तक आम जनता के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

## जेपी प्रतिष्ठान ने मनाई चंद्रशेखर की जयंती



**भिलाई।** जेपी प्रतिष्ठान रूआबांधा एचएससीएल कॉलोनी में चंद्रशेखर फाउंडेशन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर के जन्म दिन पर लोकतंत्र,संविधान एवं लोकसभा की गरिमा'विषय पर परिचर्चा हुई। जेपी प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने कहा कि पहले लोकतंत्र संविधान एवं लोकसभा की गरिमा की सिर्फ बात नहीं होती थी बल्कि उसे लोग अपने आचरण से भी जाहिर करते थे। चंद्रशेखर ने संसद के भीतर और बाहर हमेशा लोकतंत्र की मर्यादा को कायम रखा। वक्ता अधिवक्ता जमील अहमद ने कहा कि चंद्रशेखर शुरू से ही समाजवादी नीतियों के हिमायती रहे। आज संविधान के संरक्षण के साथ लोकतंत्र और संसद की गरिमा को बचाने आगे आना होगा। विशिष्ट अतिथि श्रमिक नेता प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि वर्तमान में हमें चुनौतियां का सामना करने चंद्र शेखर के रास्त पर चलना होगा। इस अवसर पर सुभाष चौधरी, अरविंद कुमार, एसपी सिंह, मिश्री राम राजभर, एजे कुरैशी, एम प्रसाद श्रीवास्तव, त्रिलोक मिश्रा, सुरेखा नागवंशी, जय सूबेदार सिंह यादव,धनंजय यादव, नंद किशोर साहू आदि उपस्थित थे।

# बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था करने स्पीड ब्रेकर और हाईमास्ड लाइट लगाएंगे

## ट्रैफिक पुलिस, पीडब्लूडी, एनएच के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ऑन रोड सेफ्टी चेयरमेन ने बैठक ली थी। उसके बाद बुधवार को ट्रैफिक पुलिस, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट मैनेजर ने ग्रे स्पॉट स्थल अवंती बाई चौक, बोरसी चौक एवं अंजोरा बाईपास से कुम्हारी टोल प्लाजा तक मार्ग का निरीक्षण किया है। जिसमें कई खामियां सामने आई है, जिसे ट्रैफिक पुलिस संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है। बोरसी चौक पर वाहन चालकों के लिए हेजार्ड बोर्ड लगाए गए।अवंती बाई चौक के अभियंत्रिक सुधार को दूर करने के भी निर्देश दिए गए है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि अंजोरा बाईपास से नेहरू नगर चौक तक ओवर स्पीड कम करने स्पीड लिमिट बोर्ड लगाए जाएंगे। उधर रसमडा चौक में हाई मास्क लाईट व रसमडा चौक के आगे रेल्वे ब्रिज तक रोशनी की व्यवस्था करने के लिए लाइटें लगाई जाएंगी।, हाईवे के ढाबा व पेट्रोल पंप संचालको को अपनी दुकान के सामने लाईट लगाने की भी हिदायत दी गई है। इसके अलावा नेहरू नगर चौक का लेवल उपर नीचे होने से बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे है। उसकी मरम्मत करने की बात कही। कोसानाला निर्माण के दौरान सडक पर फैले मुरूम को हटाने निर्देश दिए। खुर्सीपार तिराहा में रोड उपर नीचे व रेल्वे फाटक की तरफ गढ्ढे को लेवल करने और फाटक के तरफ गढ्ढों के भरने की बात कही।



### हादसों को रोकने के लिए करें काम

ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने व हादसों को रोकने के लिए काम किया जा रहा है। जिसमें सिरसा गेट चौक से हथखोज जाने वाले मार्ग पर नाली में लगे ढक्कन की मरम्मत की जाएगी। रायल खालसा चौक कटिंग में लगे सिग्नल के आगे रायपुर से दुर्ग मार्ग के डिवाईडर को तोडने, देव बलोदा मार्ग को सीधा चौक में मिलाने, चौक में हाईमास्क लाईट लगा कर रोटरी निर्माण, जनता स्कूल कटिंग, ज्योति स्कूल कटिंग में स्पीड ब्रेकर, डी मार्ट के सामने फुटपाथ गैलरी को बंद करने कहा गया। साथ ही कुम्हारी और बाफना टोल टोल प्लाजा प्रबंधक को क्रेन एम्बुलंस की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए है। सड़क की अभियंत्रिक त्रुटि की वजह से हो रही हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा विभाग के साथ लगातार स्थल निरीक्षण का कार्य कर रही है।

### एनएसपीसीएल पावरग्रिड के माध्यम से बेच रहा सरप्लस बिजली

# सेल बीएसपी-फौलाद ढालने के साथ अंधेरे राज्यों को भी कर रहा रौशन


## दादर नगर हवेली व दमण द्यू को 250 मेगा आपूर्ति का योगदान

विमल शंकर झा ▸▸ भिलाई

भिलाई सेल का सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र फौलाद ही नहीं ढालता बल्कि कुछ सुदूर राज्यों को रौशन करने में योगदान भी दे रहा है। हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल - इस आदर्श सूत्र को चरितार्थ करते हुए अपने और एनटीपीसी के संयुक्त उद्यम एनएसपीसीएल बिजली उत्पादन में भी कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पावर ग्रिड के माध्यम से करोड़ों रुपए की सरप्लस बिजली बेचकर अतिरिक्त राजस्व अर्जित कर रहा है।

सेल और एनटीपीसी के ज्वाइंट एडवेंचर बीएसपी से लगे एनएसपीसीएल पुरैना भिलाई द्वारा दो पावर प्लांटों में 250 मेगावाट और 250 मेगावाट बिजली पैदा की जा रही है। इनसे भिलाई इस्पात संयंत्र को खपत के अनुरुप ढाई सौ मेगावाट बिजली दी जाती है। बाकी सरप्लस बिजली को पंद्रह किमी दूर स्थित नेशनल पावरग्रिड के माध्यम से दमन द् यू और दादर नगर हवेली राज्यों को बेचकर अतिरिक्त राजस्व अर्जित कर एनएसपीसीएल को मजबूत किया जा रहा है। एनएसपीसीएल का निर्माण भिलाई इस्पात संयंत्र की मदद के लिए सेल बीएसपी के सहयोग से किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी के दो बिजली संयंत्र पावर प्लांट-1 और पावर प्लांट -2 है। दोनों विद्युत संयंत्रों से 110 मेगावट बिजली पैदा होती है। जबकि बीएसपी की कुल खपत संयंत्र और टाउनशिप के लिए 250 मेगावाट है। इसके कुछ साल पूर्व तक बीएसपी की बिजली खपत 350 मेगावाट थी, जिसमें बीएसपी 100 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था। वहीं दूसरी ओर 210 से 225 मेगावाट एनटीपीसी से नेशनल पावर ग्रिड कार्पोरेशन से लेता था। इस दौरान तीस साल पूर्व एकाएकपावर ग्रिड के फैल हो जाने की एक बड़ी दुर्घटना ने बीएसपी को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनने के लिए एनएसपीसीएल जैसी बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी को जन्म दिया।





### बीएसपी में बिजली फेल होने पर सहयोग से बने थे दो नए पावर प्लांट

कहते हैं आवश्यकता आविष्कार की जननी है। एनएसपीसीएल का निर्माण इसकी परिणती है। वर्ष 1995 में मध्यप्रदेश (बीएसपी) और गोवा सहित दस राज्यों में बिजली आपूर्ति करने वाले कुम्हारी स्थित पावरग्रिड कार्पोरेशन में अचानक बिजली फेल हो जाने से कई राज्यों से यहां बीएसपी की भी बिजली सप्लाई बंद हो गई। ट्रिप होने से बीएसपी का उत्पादन ठप हो गया। इसी दौरान बीएसपी के विस्तार और आधुनिकीकरण प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर भी बिजली खपत बढ़नी थी। वहीं बीएसपी का पुराना पावर प्लांट भी मेंटेनेंस मांग रहा था। इस चुनौती को देखते हुए वर्ष 1997-98 में सेल बीएसपी ने अपने लिए पर्याप्त बिजली और आपात स्थिति से निपटने के लिए एक बड़ी बिजली कंपनी यानी पावर प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया। सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि. और एनटीपीसी ( नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन ) के संयुक्त उपक्रम एनएसपीसीएल ( एनटीपीसी सेल पावर कंपनी लिमिटेड) का यहां पुरैना में निर्माण किया गया। बीएसपी ने जमीन आदि संसाधन उपलब्ध करवाकर यहां 250 मेगावाट और 250 मेगावाट को दो पावर प्लांट यूनिट स्थापित करवाए। इन दोनों बिजली संयंत्रों का संचालन एनसपीसीएल कर रहा है। बीएसपी के अंदर पावर प्लांट और एनएसपीसीएल के दोनों यूनिटों से बीएसपी को 250 से 300 मेगावाट खपत के लिए बिजली मिल रही है।

### सरप्लस बिजली से करोड़ों का लाभ

एनएसपीसीएल द्वारा पावर ग्रिड कार्पोरेशन के माध्यम से अपनी बची हुई ( सरप्लस) 200 से 250 मेगावाट बिजली दादर नगर हवेली एवं दमण एवं द्यू आदि को बेची जा रही है। इससे सेल और एनटीपीसी के संयुक्त उद्यम एनएसपीसीएल की महती भूमिका इस्पात निर्माण में सहयोग के साथ अंधेरे में डूबे सुदूरवर्ती राज्यों को रौशन करने में भी साबित हो रही है। वहीं कंपनी को पावर पर्चेस से एग्रीमेंट के अलावा बाजार भाव से सरप्लस बिजली बेचकर करोड़ों का लाभ भी हो रहा है। यह कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व में भी उल्लेखनीय काम कर रही है।

### सरप्लस बिजली का उपयोग

"एनएसपीसीएल सेल और एनटीपीसी का ज्वाइंट एडवेंचर है। इसका उद्देश्य एनटीपीसीए की गाइड लाइन के अनुसार बीएसपी को खपत के अनुरुप बिजली आपूर्ति कराना है। दोनों पावर प्लांटों से उत्पादित सरप्लस बिजली को पावर ग्रिड कार्पोरेशन के माध्यम से दागर नगर हवेली जैसे राज्यों को एग्रीमेंट के अनुरुप दिया जा रहा है।

**परिमल सिन्हा,** महाप्रबंधक एनएसपीसीएल पुरैना भिलाई

# कांग्रेसः संविधान बचाव यात्रा कल, भाजपाः अंबेडकर के विचारों को पहुंचाने लिया संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर गरमाहट देखी जा रही है। 25 अप्रैल को भिलाई के कोसा नाला स्थित बुद्ध भूमि परिसर से संविधान बचाव यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य देश में संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है। यात्रा के आयोजन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर ने स्थल का अवलोकन किया और तैयारियों की समीक्षा की। भूपेश बघेल ने कहा कि देश में जब भी कांग्रेस आम जनता के हक, अधिकार और संविधान की बात करती है, तब केंद्र की भाजपा सरकार सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है, इसलिए अब इसकी रक्षा के लिए सड़क पर उतरना जरूरी हो गया है। इसी उद्देश्य से यह यात्रा भिलाई से शुरू की जा रही है, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और दुर्ग संभाग के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भी केंद्र सरकार की आलोचना की। पहलगाम जैसे संवेदनशील पर्यटन स्थल पर कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां सीसीटीवी कैमरे और अन्य निगरानी उपकरण मौजूद नहीं थे और आतंकवादियों को यह अच्छी तरह पता था कि सरकार की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है। इसीलिए उन्होंने पूरा समय लेकर इस हमले को अंजाम दिया और पर्यटकों की बेरहमी से हत्या की।

- **कांग्रेस के पूर्व मंत्री ताम्रध्वज, मोहम्मद अकबर, अरुण वोरा सहित अन्य दिग्गज रहे मौजूद**

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज सेक्टर 4 स्थित एक निजी भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक सम्मान सभा (गोष्ठी) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र सरकार के नीति एवं शोध प्रभारी राहुल चिमुरकर उपस्थित थे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव और भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत 14 अप्रैल को उनकी जयंती के उपलक्ष्य में उनके विचारों पर आधारित गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं केंद्र सरकार के नीति एवं शोध प्रभारी राहुल चिमुरकर ने वीडियो से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब अंबेडकर के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी वर्षों से यह दुष्प्रचार कर रही है कि भाजपा आरक्षण और संविधान विरोधी है। उन्होंने राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे जिस लाल किताब को लेकर घूमते हैं, उसे कभी पढ़ा भी नहीं है। राहुल चिमुरकर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में संविधान के साथ बार-बार खिलवाड़ किया और अंबेडकर के विचारों का अनादर किया। ऐसे में अब समय आ गया है कि कांग्रेस की सच्चाई जनता के सामने लाई जाए और इसके लिए भाजपा सम्मान अभियान चला रही है।

- **कांग्रेस की सच्चाई सामने लाने भाजपा अभियान चला रही है**

## चरोदा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने केबिनेट मंत्री कैलाश का किया स्वागत



**भिलाई।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व एमपी के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का छत्तीसगढ़ आगमन पर चरोदा मंडल में हनुमान मंदिर के सामने मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर के नेतृत्व में स्वागत हुआ। इस दौरान भाजपा महामंत्री परमजीत सिंह, रामा रेड्डी, राजेश मोर्या, सनातन ठाकुर, जय प्रकाश पांडेय, अंकित बनर्जी, टी रमन, सुजाता डोंगरे, रेखा साहू, प्रमिला तांडी समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों को नहीं मिल रहा काम के अनुरुप वेतन और सुविधाएं, बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उत्पादन सहित अन्य कार्यों में योगदान देने के बाद भी हजारों ठेका मजदूर बदहाली का जीवन बिता रहे हैं। इस मामले में ठेका कंपनियां और प्रबंधन उदासीन बने हुए हैं। इससे श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है। अब वेतन व सुविधाओं संबंधित लंबित मांगों को लेकर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले 25 अप्रेल को मुर्गा चौक पर जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में काम करने वाले करीबन 22 हजार ठेका मजदूरों का चौतरफा शोषण हो रहा है। श्रमिकों का उत्पादन में 70 प्रतिशत योगदान है और संयंत्र के अधिकांश सफाई से लेकर स्थाई प्रकृति के कार्य ठेका श्रमिकों के द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद भी ठेका श्रमिकों को उसके अनुसार सुविधा एवं वेतन नहीं मिल रही है। लंबे समय से श्रमिकों की मांग है कि जिस तरीके से ठेका श्रमिकों का योगदान है उसके अनुसार वेतन और सुविधाएं मिलनी चाहिए। यूनियन ने निर्णय लिया है कि श्रमिकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 8:50 तक मुर्गा चौक के सामने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा जाएगा। ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि ठेका श्रमिकों का सेल के उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान है । कई बार प्रबंधन को मांगों से अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। ठेका श्रमिकों के मांगों को पूरा करने के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक प्रदर्शन कर रही है।

- **ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले लंबित मांगों को लेकर कल करेंगे प्रदर्शन**

### यह हैं मजदूरों की लंबित मांगें

ठेका श्रमिकों को बीएसपी के एस-1 ग्रेड का वेतन दिया जाए या 26000 रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण किया जाए, 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास करें आवंटित, संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से आने-जाने की अनुमति दी जाए । अंदर मोटरसाइकिल जाने की अनुमति प्रदान की जाए और सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा हो। श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने और सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए । ठेका प्रारंभ के एक माह पूर्व मेडिकल किया जाए।ठेके में आईटीआई और 12 वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए, ठेका कंपनी बदले लेकिन उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए,रात्रि भत्ता प्रदान किया जाए एवं साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए। ठेका श्रमिकों को वेतन पर्ची,लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि मिले।स्थाई प्रकृति के कार्य एवं उत्पादन में पूर्ण रूप से योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव एवं नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए, बी एस पी स्कूलों में ठेका श्रमिकों के बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षित किया जाए।









हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

लास वेगास का जादू

## लाइव इवेंट

### संस्कृति त्रिवेदी की सिविल सेवा परीक्षा में 17वीं रैंक, भिलाई का बढ़ाया मान



**भिलाई।** सेक्टर-9 निवासी संस्कृति त्रिवेदी ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 17वीं रैंक हासिल कर भिलाई-दुर्ग का मान बढ़ाया है। संस्कृति के पिता आनंद प्रकाश त्रिवेदी भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय की मेकॉन लिमिटेड में कार्यरत हैं। उनके पिता ने बताया कि संस्कृति शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। 2022 में संस्कृति ने 352वीं रैंक प्राप्त की थी। वर्तमान में वह इंडियन डिफेंस अकाउंट्स सर्विस में है। फिलहाल फरीदाबाद में ट्रेनिंग ले रही हैं। संस्कृति की मां, सुनीता त्रिवेदी ने बताया कि संस्कृति तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर हैं। बड़ी बेटी अडानी ग्रुप में कार्यरत है, जबकि सबसे छोटा बेटा मुंबई आईआईटी में पढ़ाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृति न केवल पढ़ाई में बल्कि खेल और लेखन में भी उत्कृष्ट रही है। संस्कृति के बताया कि वह इन दिनों मैं शिमला में एनडीए के अकाउंटिंग विभाग में ट्रेनिंग ले रही है। ग्रेजुएशन के बाद से लगातार यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। इस बार प्रारंभिक परीक्षा, फिर मुख्य परीक्षा और दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच हुए साक्षात्कार में सफलता मिली। साक्षात्कार के दौरान मुझसे बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन और उसका भारतीय राजनीति में प्रभाव के बारे में पूछा गया। आखिरी में साइबर क्राइम को रोकने के संबंध में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियमों के बारे में पूछा गया। इससे कमेटी के सदस्य संतुष्ट थे।

## सिटी इवेंट

### अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने कला प्रदर्शनी में प्रथम तीन हुए सम्मानित



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय प्रतिभा प्रदर्शन कला क्षेत्र का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस शो के आयोजन का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक और कल्पनाशीलता की क्षमता को आवश्यक बढ़ावा देना था। छात्रों ने गायन, कविता, कहानी सुनाने और कई अन्य क्षेत्रों में अपनी छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करके इस मंच का सर्वश्रेष्ठ उपयोग किया। डॉ. श्वेता और आहार विशेषज्ञ सपना पांडे ने अपने जीवंत एंकरिंग के साथ छात्रों की रुचि का स्तर उच्चतम बनाए रखा। डॉ. निशा गोस्वामी न्यायाधीश के रूप में पहुंची। विजयी प्रतिभागी पहले दो स्थानों पर रहें, उनमें सोनम सोनी और भूपेश वर्मा शामिल थे। तनिषा चंद्राकर और प्रिया कौशिक ने तीसरे स्थान के लिए पुरस्कार साझा किया। निशा पटेल, डॉ. भूमिका मिश्रा, डॉ. हुल्लास चौहान, डॉ. सीमा द्विवेदी भी अन्य छात्रों के साथ उपस्थित रहकर प्रतियोगियों को हौसला बढ़ाया।

## सिटी इवेंट

### नन्हे बच्चों ने ड्राइंग पेंटिंग से धरती में हरियाली बढ़ाने दिया संदेश



**भिलाई।** महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। धरतीमाता करे पुकार, हरा भरा कर दो संसार, धरती का जीवन है अनमोल, इसको हमें बचाना है, यह संकल्प निभाना है इन नारों के साथ विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय की प्राचार्या अंजू ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना स्वयं को बचाना है। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।प्लास्टिक बोतल से प्लांटर बनाकर बच्चों ने पौधरोपण भी किया। पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में सीमा कठाले, शकुंतला, अंजू गुप्ता, शुभ्रा, सुमन, शशि, ऋतुपर्ण मौजूद थे।

### मानव एकता दिवस पर अय्यप्पा मंदिर में विशाल रक्तदान शिविर आज

**भिलाई।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा बलिदानी संतों की स्मृति में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। निरंकारी बाबा गुरुबचन सिंह एवं अन्य बलिदानी संत जिन्होंने मानवता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, उनकी शिक्षाओं को रक्तदान देकर लोगो कों प्रेरणा देने का कार्य संत निरंकारी मिशन द्वारा किया जा रहा है। निरंकारी बाबा हरदेव सिंह के वचन मानव का रक्त नालियों में नही, मानव की नाड़ियों में बहना चाहिये को चरितार्थ करते हुए अय्यप्पा मंदिर सेक्टर 2 में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित है।

● भिलाई-दुर्ग में घटना को लेकर जनआक्रोश फूटा, रैली निकालकर आतंकियों का फूंका पुतला

# पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर ट्विनसिटी में भी शोक की लहर, जगह-जगह कैंडल मार्च, दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा निहत्थे हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध में दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए। पाकिस्तानी आतंकियों का पुतला फूंका गया। शाम के समय मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने कैंडल मार्च निकाला गया।





**भिलाई।** शाम 7 बजे सिविक सेंटर स्थिति अर्जुन रथ के करीब श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष एनपी दीक्षित ने घटना की निंदा की। साथ ही मांग की कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुतला भी फूंका गया। दुर्ग के पटेल चौक, इंदिरा मार्केट चौक, भिलाई के घड़ी चौक, पावर हाउस चौक में घटना की निंदा कर विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस और भाजपा ने भी घटना की निंदा की है।

### सेनाएं मोर्चा संभाल चुकीं, आतंकवादियों को नहीं बख्शा जाएगा: प्रेमप्रकाश पांडेय



छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वहां फंसे छत्तीसगढ़ के 65 पर्यटकों को मैं विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी सुरक्षा सेनाएं पूरी मुस्तैदी से मोर्चा संभाल चुकी हैं। घटना में जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई संभव नहीं, लेकिन आतंकवादियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पूरे घटनाक्रम की निगरानी की जा रही है और ठोस रणनीति पर काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य सरकार लगातार प्रयासरत हैं कि फंसे हुए सभी लोग सकुशल घर लौट सकें। मैं सभी से अपील करता हूं कि थोड़ा धैर्य और साहस बनाए रखें। पाण्डेय ने कहा कि रायपुर निवासी स्टील कारोबारी दिनेश मिरानीया की दुखद मृत्यु हम सभी के लिए गहरा आघात है। इस हादसे में शहीद हुए समस्त पर्यटकों को मैं अपनी ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

बीजेपी का सेक्टर 4 स्थित एक निजी भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक सम्मान सभा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 पर्यटकों की नृशंस हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस त्रासदी को देखते हुए उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस हमले के पीछे एक बड़ी साजिश है, जिसे जल्द ही उजागर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में जो पर्यटक फंसे हुए हैं, उन्हें सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के लिए सरकार तत्परता से कार्य कर रही है। कश्मीर में पिछले कुछ वर्षों में जो शांति और पर्यटन को लेकर सकारात्मक माहौल बना है, उसे नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से यह आतंकी साजिश रची गई।

### राष्ट्रपति से पहलगाम की घटना पर कठोर कार्रवाई की मांग

बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने जिलाधीश को पहलगाम कश्मीर में आतंकी घटना पर कठोर कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम पर सौंपा गया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम कश्मीर में हिंदू पर्यटकों की पाकिस्तान प्रेरित आतंकियों द्वारा निर्मम हत्याओं से समूचे हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। इस बर्बर हिंदू नरसंहार से भारत की छवि को धुमिल करने की पड़ोसी शत्रु देश पाकिस्तान की नापाक हरकत का मुंह तोड़ जवाब आज सारा देश चाहता है। प्रतिनिधि मंडल में प्रमोद सिंह सासंद प्रतिनिधि, विजेंद्र मिस्त्र, विनोद गुप्ता, प्रशांत कुमार, गोरव गोरघाटे, रामेश्वर शर्मा आदि मौजूद थे।





सुपेला चौक में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। चौक में पुतला दहन किया। कैंडल जलाकर पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, महामंत्री विजय सिंह, प्रेमलाल साहू, अमित मिश्रा, विशाल नायर, नितेश मिश्रा इस दौरान मौजूद थे।

### दुर्ग में कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च, हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए भीषण आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई। 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए इस कायराना हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट नामक आतंकी संगठन ने ली है। जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी प्रतिमा पर मृतक नागरिकों पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने हम सब को अंदर तक झकझोर दिया है। पहलगाम कोई सीमावर्ती इलाका नहीं है बल्कि कश्मीर का अंदरूनी इलाका है जो पर्यटन के लिए मशहूर है। यहां तक पहुंचे आतंकी पर्यटकों को निशाना बनाकर देशभर में दहशत फैलाने के नापाक इरादे रखते हैं। आतंकियों ने पत्नियों और बच्चों को अलग कर कोई रहम नहीं दिखाया, बल्कि ऐसा इसलिए किया जिससे महिलाओं और बच्चों को उनके पति और पिता की उनकी आंखों के सामने मारने का जीवनभर का दुख और सदमा दे सकें। कैंडल मार्च के दौरान अध्यक्ष गया पटेल, आरएन वर्मा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, दीपक दुबे, राजेश यादव, कौशल किशोर सिंह, अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, राजकुमार साहू, प्रवक्ता नासिर खोखर, पार्षद दीपक साहू, संजय कोहले, राजकुमार नारायणी, भोला महोबिया, बिजेंद्र भारद्वाज, संदीप वोरा सहित अन्य मौजूद थे।

## सीएसवीटीयू में होगा बदलाव : स्टूडेंट्स को पढ़ाई ड्रॉप करने के बाद दोबारा एजुकेशन के लिए मिलेगा मौका

कार्नर न्यूज

# सिलेबस बदलने की तैयारी... इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक की पढ़ाई अगले सत्र से एनईपी फार्मूले में होगी

**भिलाई।** तकनीकी यूनिवर्सिटी जल्द ही एजुकेशन सिस्टम में बदलाव की तैयारी में है। अगले सत्र से सिलेबस बदलने वाला है। खबर है कि एनईपी सिस्टम को लागू किया जा रहा है। ट्विनसिटी सहित प्रदेश में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक की पढ़ाई अब इसी एनईपी सिस्टम के जरिए होने जा रही है। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू ने इसे हरी झंडी दिखा दी है। इसे लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि एनईपी के अनुसार बीई, बीटेक और डिप्लोमा का न सिर्फ सिलेबस बदलेगा, बल्कि अन्य बदलाव भी होंगे। राज्य में पिछले साल रविवि, एग्रीकल्चर विवि, अटल विवि बिलासपुर, दुर्ग विवि समेत अन्य विवि में इसे लागू किया गया था। इस टेक्निकल यूनिवर्सिटी भी इस नई शिक्षा नीति के माध्यम से तकनीकी एजुकेशन देने की तैयारी में है। इसे लेकर ड्रॉफ्ट तैयार कर लिया गया है। नए सत्र से हार्टीकल्चर यूनिवर्सिटी में भी यूजी की पढ़ाई इसके अनुसार ही होगी। एनईपी में मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट का फार्मूला है। इसके अनुसार प्रवेश लेने के बाद किसी कारण से छात्र पढ़ाई छोड़ देता है तो वह बाद में कोर्स पूरा कर सकता है। इसके लिए विकल्प दिया जाएगा।



### इंट्रेन्स एग्जाम की तैयारी: पीपीटी 1 और पीईटी 8 मई को होगी आयोजित

इधर पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अगले महीने प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट 1 मई होगी। इसके अनुसार ही इस साल व्यापमं से होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत होगी। इसी तरह 8 मई को प्री इंजीनियरिंग टेस्ट आयोजित की जाएगी। इसके लिए पिछले दिनों आवेदन मंगाए गए थे। स्क्रूटनी के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी किए जा रहे हैं।

### एक साल की पढ़ाई करने पर ही मिलेगा सर्टिफिकेट

नए गाइड लाइन के मुताबिक यूजी के चार साल के कोर्स में एक साल की पढ़ाई पूरी करने पर छात्रों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। दूसरा साल पूरा होने पर डिप्लोमा और फिर चौथे साल की पढ़ाई पूरी होने पर डिग्री मिलेगी। शिक्षा सत्र 2025-26 से इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक की पढ़ाई में यह व्यवस्था फर्स्ट ईयर से लागू होगी। गौरतलब है कि राज्य में 28 इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। इनमें करीब ग्यारह हजार सीटें हैं। इसी तरह 54 पॉलिटेक्निक हैं। इनमें 8780 सीटें हैं। भिलाई और रायपुर में तकनीकी शैक्षणिक संस्थाओं की संख्या ज्यादा है। पिछले कुछ समय में युवाओं में इंजीनियरिंग की तरफ रूझान कम हुआ है। नई गाइडलाइन आने से उनकी संख्या में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है।

### हार्टिकल्चर यूनिवर्सिटी में भी यूजी की पढ़ाई एनईपी से

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में भी शिक्षा सत्र 2025-26 से एनईपी लागू होगी। इसे यूजी में लागू किया जाएगा। इसके अनुसार सिलेबस बदलेगा। इसे लेकर विवि से तैयारी की जा रही है। हार्टीकल्चर यूनिवर्सिटी से जुड़े प्रदेश में 19 कॉलेज हैं। इसमें 15 सरकारी और 4 प्राइवेट हैं। यहां यूजी की करीब दो हजार सीटें हैं। अधिकारियों ने बताया कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, अटल विवि बिलासपुर, दुर्ग विवि, सरगुजा विवि, रायगढ़ विवि आदि में अगले सत्र से यूजी सेकंड ईयर की पढ़ाई एनईपी से होगी। पिछले साल फर्स्ट ईयर में इसे लागू किया गया था। इसके अनुसार यूजी की पढ़ाई सेमेस्टर आधारित हुई। इसमें नियमित के साथ ही प्राइवेट छात्रों को भी परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि कुछ वर्षों में यूजी की पढ़ाई पूरी तरह से सेमेस्टर आधारित हो जाएगी।

सिटी इवेंट

## विश्व पृथ्वी दिवस की शुरुआत का श्रेय जेलार्ड नेल्सन को : क्षीरसागर



**भिलाई।** विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद प्रशांत क्षीरसागर ने बताया कि इस विशेष दिवस को मनाने का श्रेय जेलार्ड नेल्सन को जाता है। दुनिया भर में हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को 195 से ज्यादा देश मनाते हैं। बता दें इस साल दुनिया भर में 55वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ लोगों का ध्यान खींचकर यह कोशिश करना है कि सभी लोग पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में अपना योगदान दें। दुनिया भर में प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग और जंगलों की कटाई जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, तो पृथ्वी दिवस का महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है। पृथ्वी दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं, जैसे हवा और प्रदूषित पानी, प्लास्टिक का कचरा और पेड़ों की कटाई, के बारे में जागरूक करना है। यह दिन लोगों को बताता है कि उन्हें कैसे धरती को बचाने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा। इसकी शुरुआत पहली बार 1970 में अमेरिका में हुई, जिसका श्रेय अमेरिकी राजनेता और पर्यावरण एक्टिविस्ट सीनेटर जेलार्ड नेल्सन को जाता है। यह वह दौर था, जब प्रदूषण की समस्या बहुत बढ़ गई थी। दरअसल, एक साल पहले 1969 में कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में तेल रिसाव की वजह से त्रासदी हो गई। इस हादसे में कई लोग आहत हुए। जिसके बाद पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने का फैसला लिया गया। जिसके बाद नेल्सन के आह्वान पर 22 अप्रैल को लगभग दो करोड़ अमेरिकियों ने पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया था।

सिटी लाइव

## चेंबर के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ होगा जिला कार्यकारिणी का विस्तार



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शहीद स्मारक ऑडिटोरियम रायपुर में हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सतीश थरानी, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी और प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा ने पदभार ग्रहण किया। चुनाव निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, श्रीचंद सुंदरानी, पूरनलाल अग्रवाल, संजय रूंगटा, पूर्व अध्यक्ष अमर पारवानी प्रमुख रूप से मौजूद थे। जिला संगठन ने जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किए जाने की बात कही है। इसके लिए सभी संरक्षक, वरिष्ठजनों से सलाह लेकर नई कार्यकारिणी तय की जाएगी।

सिटी इवेंट

## संस्कृति विभाग के घासीदास संग्रहालय में अंकुश देवांगन का हुआ सम्मान



**भिलाई।** महंत घासीदास संग्रहालय रायपुर की आर्ट गैलरी में मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन का सम्मान किया गया। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 47 कलाकारों की कला प्रदर्शनी सोहई का आयोजन किया गया। जहां अंकुश देवांगन भी शामिल हुए। इस दौरान चित्रकार डॉ. ध्रुव तिवारी, जितेन्द्र साहू, हुकुम वर्मा, अनंत कुमार, सुनीता वर्मा, समाजसेवी प्रवीण कालमेघ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय के कलाकार तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे। संस्कृति विभाग के घासीदास संग्रहालय स्थित आर्ट गैलरी में वर्षों बाद एक स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलागुरू प्रो. मिश्रा की स्मृति में आयोजित यह कला प्रदर्शनी रायपुर में अपनी अमिट छाप छोड़ गया। इसमें समीक्षकों के शोध से यह साबित हुआ है कि छत्तीसगढ़ पेन्टिंग की दृष्टि से संभावनाओं का गढ़ है। इस प्रदर्शनी में राज्य के तमाम नामचीन कलाकारों की चित्रकला और मूर्तिकला प्रदर्शित हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने किया। मुख्य वक्ता के रूप मे दिल्ली से आए आर्ट क्रिटिक राम प्रवेश पाल, वसन्त वीर उपाध्याय तथा डॉ. अंकुश देवांगन ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने ललित कला अकादमी के नेशनल अवार्ड फंग्शन में कम प्रतिभागिता पर चिंता जताई। उन्होंने इस प्रतिष्ठित अकादमी अवार्ड में ज्यादा से ज्यादा शामिल होने की अपील की। सिविक सेंटर का कृष्ण अर्जुन रथ, रूआबांधा का पंथी चौक, बोरिया गेट का प्रधानमंत्री ट्राफी चौक, भिलाई निवास का नटराज, सेक्टर 1 का श्रमवीर चौक, सेक्टर 8 सुनीति उद्यान की एथिक्स कृतियां, सिविक सेंटर का छोटा परिवार चौक उनके कालजयी सृजनात्मकता की गवाह है।

प्रवचन का दूसरा दिन : प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक आयोजन, 5 मई को होगा समापन

# भगवान स्वयं आनंद है या कहिए भगवान और आनंद एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं, प्रत्येक जीव इससे ही करता है प्यार

**भिलाई।** उमरपोटी में दिव्य दार्शनिक प्रवचन के दूसरे दिन विश्व के पंचम मूल जगद्गुरु स्वामी कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ने जीव का लक्ष्य क्या है, इस विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व का प्रत्येक जीव आनंद की प्राप्ति के लिए ही प्रति क्षण प्रयत्नशील हैं। कोई भी जीव एक क्षण के लिए भी अकर्मा नहीं रह सकता। आनंद प्राप्ति ही हमारा लक्ष्य है। दिनभर में जितने विपरीत कार्य हम करते हैं। केवल आनंद के लिए ही करते हैं। हम आनंद ही क्यों चाहते हैं? इसके उत्तर में उन्होंने कहा चूकिं विश्व का प्रत्येक जीव भगवान का अंश है, भगवान अंशी है, साथ ही साथ प्रत्येक अंश अपने अंशी से ही स्वभाविक रूपेण प्यार करता है। अतः विश्व का प्रत्येक जीव भी अपने अंशी भगवान से ही स्वभाविक रूप से प्यार करता है। भगवान स्वयं आनंद है, भगवान एवं आनंद पर्यायवाची शब्द है। अतः विश्व का प्रत्येक जीव आनंद से ही प्यार करता है।





### उमरपोटी में आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन

ग्राम उमरपोटी के श्रीजी पैलेज के सामने 13 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। 22 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ इसकी शुरुआत हुई। इसके बाद 5 मई तक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम 6 से रात 8 बजे तक उमरपोटी में आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को प्रवचन का दूसरा दिन था। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। प्रवचन के दौरान भक्त झूमते नजर आए। प्रचारिका श्रीश्वरी द्वारा प्रवचन के माध्यम से वेदों में लिखित बातों को रसपान कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्रतिदिन अलग-अलग आयोजन की तैयारी की गई है।

### आनंद सदा ही अनंत मात्रा का होता है, इसे छीना नहीं जा सकता, इसलिए लें आनंद

श्रीश्वरी ने कहा कि आनंद की परिभाषा क्या है? वेद कहते हैं यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति भूमैव सुखं अर्थात आनंद सदा अनंत मात्रा का होता है। अनंत काल के लिए मिला है। आनंद चुकी भगवान का पर्यायवाची शब्द है। इसलिए ऐसा आनंद एक बार ही मिल जाए किसी को फिर छीना नहीं करता, अपितु वो निरंतर बढ़ता ही जाता है। लेकिन ऐसा आनंद हमें आज तक प्राप्त नहीं हुआ क्योंकि जो संसारी वस्तुओं से हमें जिस आनंद की प्राप्ति होती है। वो तो क्षणभंगुर होता है। कुछ क्षण के बाद आनंद दुख में परिवर्तित हो जाता है अतः यह आनंद नही है, जो हमें संसार से मिलता है। आनंद स्वयं भगवान है अतः भगवत प्राप्ति पर ही हम सदा-सदा के लिए आनंदमय हो सकते हैं।



प्रदर्शन

## अनुराग की टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज सड़क पर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के ब्राह्मण समाज के लिए की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में रैली निकाली। रैली दुर्ग के पटेल चौक से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा। महासचिव शशिकांत तिवारी के नेतृत्व एडीएम एस थॉमस को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर की मांग की गई। इस अवसर पर सरयूपारीण ब्राम्हण समाज, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, छत्तीशगढ़ी ब्राह्मण समाज, गौड़ ब्राह्मण समाज, राजस्थानी ब्राह्मण समाज, पंजाबी ब्राह्मण समाज, मैथिल ब्राह्मण समाज, सनाढ्य ब्राह्मण समाज, ओड़िया ब्राह्मण समाज, बंगाली ब्राह्मण समाज सहित समस्त ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने प्रदर्शन को समर्थन दिया। शशिकांत तिवारी ने कहा कि फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा जो ब्राह्मण समाज के प्रति आपत्तिजनक बात कही, उससे पूरे देश का ब्राह्मण समाज की भावना को लेकर काफी आहत है। ब्राह्मण समाज सदैव सब समाज को साथ लेकर चलने का भाव रखता है। दिया गया बयान यह दर्शाता है कि ये कितना घृणा रखते हैं। इनका निम्न स्तरीय बयान संपूर्ण सनातनी और ब्राह्मण समाज की भावना को ठेस पहुंचाने वाला है। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राकेश शुक्ला, संभागीय महासचिव दीपक मिश्रा, अजय शर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी, विजय शर्मा, विनोद शारदा, पीयूष मिश्रा, बृजमोहन तिवारी, राजेश शर्मा, मृदुला शुक्ला, दिनेश मिश्र, सुभाष चंद्र तिवारी, चंद्र शेखर पांडे, रामफल शर्मा, ज्योति शर्मा, श्याम कुमार तिवारी, सुमित शर्मा, नरेश चौरे, प्रीति राहुल दुबे, रामविलास मिश्र, योगेश ठाकुर, शुभम ओझा, श्रवण शुक्ला, अनिल शुक्ला, मोहन शुक्ला, मयंक शर्मा आदि मौजूद थे।

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से कड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग**

गुजराती समाज का आयोजन

## निः शुल्क जांच शिविर में दांत और त्वचा का इलाज, विशेषज्ञों ने दी जरूरी सलाह



**भिलाई।** श्री गुजराती समाज, सखी महिला एवं युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क दंत एवं त्वचा स्वाास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. वीना देसाई मल्होत्रा ने निशुल्क सेवाएं दी। मां वैष्णवी देवी मंदिर परिसर सेक्टर 4 में जरुरतमंद मरीजों का इलाज किया गया। इस दौरान समाज के साथ साथ अन्य लोगों ने भी शिविर का लाभ लिया। सेवा देने आए डॉक्टर्स द्वारा इस शिविर में लगभग 30 मरीजों के दांत एवं त्वचा से संबंधित शिकायत की निःशुल्क जांच की गई। चिकित्सा के लिए उचित सलाह दी। शिविर में समाज के संरक्षक रमेश भाई सोलंकी, अध्यक्ष ललित पंड्या, कोषाध्यक्ष नितिन पंड्या, सह सचिव दीपक सोलंकी, कार्यकारिणी सदस्य सुनील त्रिवेदी, युवा मंडल सचिव रोहित त्रिवेदी एवं समाज सदस्य हेमंत खत्री विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर में सखी महिला मंडल संरक्षक रीना बेन जोशी, संरक्षक भारती सोनी, उपाध्यक्ष हर्षा गांधी, कोषाध्यक्ष रेखा पंड्या, कोषाध्यक्ष चेतना खत्री, सचिव शीतल सरवैया, सह सचिव नेहा पंड्या एवं समाज सदस्य ज्योति दवे का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टरों को समाज की तरफ से प्रतीक चिन्ह भेंटकर निःशुल्क सेवा देने पर आभार व्यक्त किया गया।

**श्री गुजराती समाज सेक्टर 4 का आयोजन, दवाओं का भी वितरण**



मोक्षदा पीठ भिलाई-दुर्ग ने ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए की पहल

# आओ गांव चलें हम... योग अभ्यास के बीच टिटंगी दौड़ रस्साकसी, चक्का दौड़, गेड़ी, पिट्ठुल, फुगड़ी जैसी प्रतियोगिताएं

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** मोक्षदा पीठ भिलाई- दुर्ग ने भारतीय ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक अनोखी पहल की। संस्था द्वारा आओ गांव चले अभियान की शुरुआत की। इस दौरान पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुहिम के अंतर्गत जनजातीय एवं ग्रामीण खेलकूद टूर्नामेंट 2025, वृक्षारोपण और योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान टिटंगी दौड़ में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुंजम्मा जॉन ने भाग लिया। विशेष रूप से रुक्मणि नशीने, पुलिस अधिकारी के कामेश्वर प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने भी खेलकूद में भाग लिया। प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं धीरे-धीले लुप्त हो जा रही है। ग्रामीण युवा मोबाइल में ज्यादा समय बिता रहा है, इसके देखते हुए संस्था ने इस अभियान की शुरुआत की। इस आयोजन के माध्यम से गांव के युवा और बच्चों को जोड़ा। इस दौरान गर्मी की छुट्टियों में इस तरह के आयोजन करने और बच्चों में आध्यात्म और नॉलेज विकसित करने के लिए अभियान की शुरुआत की।



### ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को खोजने के लिए भी अभियान

संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में टिटंगी दौड़, रस्साकशी, चक्का दौड़, बांटी, गेड़ी दौड़, पिट्ठुल, बिल्लस, फुगड़ी आदि खेलों को शामिल किया गया। मोक्षदा पीठ समाज सेवा के लिए समर्पित संस्थान है जिसने आओ चलें गांव की ओर मुहिम के अंतर्गत ग्राम वासियों के लिए उनकी परंपरा से जुड़े हुए कार्यक्रम आयोजित किए। इस आयोजन के लिए ग्राम स्तर पर खेल प्रतिभाओं की खोज और प्रोत्साहन, ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर ग्रामीण विरासत को पुनर्जीवित करना है। इस परंपरा महोत्सव में कुरूद, खमरिया, जुनवानी, उमरपोटी, पुराई, उतई, पटोरा, गुखसीढ़ी, डूंढेरा, धनोरा आदि ग्राम वासियों ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरातन पारंपरिक खेलों को खेल कर अपनी पुरानी परंपराओं से युवाओं को जागरूक किया।

### चयनित खिलाड़ियों को किया सम्मानित

फेडरेशन ऑफ़ ट्राईबल एंड रूरल गेम्स भारत के अध्यक्ष मृणालिनी ने चयनित खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनको राज्य की चयनित टीम के रूप में घोषित किया। जो आगे अन्य राज्यों से सैनिक टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा करने के लिए भेजी जाएगी। कार्यक्रम में फेडरेशन आफ ट्राइबल एंड रूरल स्पोट्र्स छत्तीसगढ़ के महासचिव नरेंद्र नशीने, मोक्षदा पीठ प्रयागराज की अध्यक्ष मंडला मेधास्वी, फेडरेशन ऑफ ट्राइबळ एंड रूरल गेम्स प्रयागराज की महासचिव मृणालिनी, सुभाष जॉन, पुतुल लाकरा, सोनम ठाकुर, बीजू जॉन, गुरुचरण बग्गा, योगिता यादव, ललिता गोस्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

